दूरभाष/Telephone-2223251
2225766, 2224812

फैक्स /Fax – 0612-2221056
तार Tele | Gram : ACCOUNTS

सत्यमेव जयते

# प्र0 महालेखाकार (ले0 एवं ह0) का कार्यालय, बिहार, पटना

# OFFICE OF THE Pr. ACCOUNTANT GENERAL (A&E), BIHAR, PATNA

No. संख्या :– Pen-9 – 3029

Date: दिनांक:– 09/01/~~2021~~ 2024

To,

The

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Principal Accountant General (A&E), Andhra Pradesh, Saifabad, Hyderabad | 500004 |
| 2 | Director of Audit & Pension Govt. of Arunachal Pradesh, Naharlagun | 791110 |
| 3 | Accountant General (A&E), Assam, Guwahati, Maidamgaon, Beltola, Guwahati | 781029 |
| 4 | Accountant General (A&E), Jharkhand, Ranchi | 834002 |
| 5 | Deputy Director of Accounts/P.L.I. Govt. Of Goa, Director of Accounts, pension Section, Panji, Goa | 403101 |
| 6 | Accountant General (A&E), Chhatisgrah, 12/27, Raman Mandir Ward, Bilaspur Road, Fafidih, Raipur | 492009 |
| 7 | Accountant General (A&E),, Gujarat, Ahmedabad Branch, Audit Bhawan, Navarangpura, Ahmedabad | 380009 |
| 8 | Accountant General (A&E), Harayana, Lekhabhawan, Plot No. 4&5, Sector-33-B, Chandigrah | 160047 |
| 9 | Senior Deputy Accountant General (A&E), Himanchal Pradesh , Gorton Castle Building, Shmila | 171003 |
| 10 | Pr. Accountant General (A&E), Jammu & Kashmir, Near Exhibition Ground , Srinagar | 190009 |
| 11 | Pr. Accountant General (A&E),Karnatka, residency Parm Road, Post Box No.5 Bangalore | 560001 |
| 12 | Accountant General (A&E), Kerla, Post Box No. 5607, M.G. Road, Thiruvananthapuram | 695039 |
| 13 | Accountant General (A&E),. Madhya Pradesh , Lekha Bhawan, Jhansi Road, Gwalior | 474002 |
| 14 | Pr, Accountant General (A&E), Maharashtra , 2nd Floor, Pratishtha Bhawan, New Marine Lines, Maharshi Karv, Mumbai | 400020 |
| 15 | Accountant General (A&E), Maharashtra, West High Court Road, Civil Line. Nagpur | 440001 |
| 16 | Sr. Deputy Accountant General (A&E), Manipur, Imphal | 795001 |
| 17 | Accountant General (A&E), Meghlalya, Shilong | 793001 |
| 18 | Accountant General (A&E), Mizoram, Shri Bualhranga Buildignh, Dinthar, Aizawl | 796001 |
| 19 | Sr. Deputy Accountant General (A&E), Nagaland Kohima | 797001 |
| 20 | Accountant General (A&E), Orissa, Bhuneshwar | 751001 |
| 21 | Accountant General (A&E), Punjab & Union Territory of Chandigrah, Sector- 17E, Chandigarh | 160017 |
| 22 | Pr. Accountant General (A&E), Rajasthan, Bhawagan Das Road, Jaipur | 302005 |

| | | |
|---|---|---|
| 23 | Sr. Deputppy Accountant General (A&E), Sikkim, Lekha Pariksha Bhawan, Deoria, PO- Tadong, Gangtok | 737102 |
| 24 | Accountant General (A&E), Tamil Nadu, 361, Anna Salai, Teynampet, Chennai | 600018 |
| 25 | Sr. Deputy Accountant General (A&E), Tripura, PO- Kunjanban, Agartala | 799006 |
| 26 | Accountant General (A&E), Uttar Pradesh, 20, Sarojni Naidu, Marg, Allahabad | 211001 |
| 27 | Accountant General (A&E), Uttarakhand, Dehradun, Oberoy Motor Building, Saharanpur Road Majram, Dehradun | 248171 |
| 28 | Pr. Accountant General (A&E), West Bengal, Treasury Building, No.-2, Govt. Place (West), Kolkata | 700001 |
| 29 | Director of Accounts and Treasuries, Govt. of Pondicherry, Pondicherry | 605001 |
| 30 | Controller of Accounts, Ministry of External Affairs, 3rd Floor, Akbar Bhawan, New Delhi | 110007 |
| 31 | Pay & Accounts Officer(V), Delhi Administration, TIS Hazari, New Delhi | 110124 |
| 32 | Chief Controller of Accounts, M/o External Affairs to the Indian Mission, Kathmandu, Akbar Bhawan, Chanakyapuri, New Delhi | 110021 |

**Subject**: Grant of Dearness Relief/ Medical Allowance/ Revision of pension/ amendment of pension rules of state government pensioner.

**Reference**: Government resolution No. 3A/2/डी०पी०-02/2023-6649/वि०, दिनांक-28/07/23

Sir,

I am to forward herewith Hindi/ English version of copy of Govt. of Bihar resolution mentioned above for your needful action. You are requested to circulate this order to all concern pensions disbursing authority under your jurisdiction for necessary action.

Please acknowledge the receipt of the same.

**Enclosure: Resolution of Government of Bihar.**

Yours faithfully

Sr. Accounts Officer

Ry. No. Pen-09-Wan-22/23-24/ dt.-02/01/2024
206

पत्रांक–3ए–2–वे०पु०–02/2023– 6649 /वि०,

बिहार सरकार
वित्त विभाग
**संकल्प**

पटना, दिनांकः– 28/07/2023

विषयः– **बिहार न्यायिक सेवा के सेवा–निवृत्त पदाधिकारियों का पेंशन/पारिवारिक पेंशन/ग्रेच्युटी एवं अन्य सेवान्त लाभ का दिनांक–01.01.2016 के प्रभाव से निर्धारण/पुनरीक्षण एवं भुगतान के संबंध में।**

द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में राज्य न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए दिनांक–01.01.2016 के प्रभाव से वेतन पुनरीक्षण का निर्णय संकल्प संख्या–9154, दिनांक–28.09.2022 के द्वारा लिया गया है।

2. द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग द्वारा वेतन, पेंशन, सेवांत लाभ, भत्तादि के संबध में की गई अनुशंसा के उपरांत, रिट पिटीशन (सिविल) संख्या–643/2015, ऑल इंडिया जजेज एसोसिएशन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एंड अदर्स एवं एस०एल०पी० (सिविल) संख्या–6471–6473/2020 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा राज्य न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए वेतन एवं पेंशन/पारिवारिक पेंशन/ग्रेच्युटी एवं अन्य सेवान्त लाभों पर दिनांक–19.05.2023 को आदेश पारित किया गया है।

3. द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की अनुशंसाओं पर रिट पिटीशन (सिविल) संख्या–643/2015 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन हेतु राज्य न्यायिक सेवा के सेवानिवृत्त पदाधिकारियों के पेंशन/पारिवारिक पेंशन/ग्रेच्युटी एवं अन्य सेवान्त लाभ के संबंध में सम्यक् विचारोपरान्त निम्नरूपेण निर्णय लिया गया हैः–

(i) बिहार न्यायिक सेवा के सेवा निवृत्त पदाधिकारियो का पेंशन/पारिवारिक पेंशन/ग्रेच्युटी एव अन्य सेवान्त लाभ से संबंधित प्रावधान दिनांक 01.01.2016 से प्रभावी होगा।

(ii) दिनांक–01.01.2016 के बाद सेवानिवृत्त पदाधिकारियों के सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत एवं 30 प्रतिशत क्रमशः पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन के रूप में निर्धारित किया जायेगा।

(iii) दिनाक–01.01.2016 के पूर्व के पेंशनर/परिवार पेंशनर के पेंशन का पुनरीक्षण निम्नवत् दो सूत्रों के आधार पर किया जायेगा।

(क) दिनांक–31.12.2015 को प्राप्तेय पेंशन/पारिवारिक पेंशन राशि में 2.81 के स्थिर गुणक से गुणा कर पेंशन/पारिवारिक पेशन राशि का निर्धारण किया जायेगा।

(ख) संबंधित पदाधिकारी की सेवानिवृति/मृत्यु की तिथि को उनके वेतनमान/वेतनस्तर में प्राप्त मूल वेतन को सेवानिवृति/मृत्यु की तिथि के पश्चात् सभी अनुवर्ती वेतन आयोग/समिति की अनुशंसा के आलोक में प्रतिस्थानी वेतनमान/वेतनस्तर में वैचारिक निर्धारण करते हुए दिनांक–01.01.2016 को शिड्यूल–II के संगत प्रक्रम को

A.G. 29 NOV 2023 PATNA

50 प्रतिशत एवं 30 प्रतिशत क्रमशः पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन के रूप में निर्धारित किया जायेगा।

उपर्युक्त दोनों सूत्रों से प्राप्त राशि में से जो अधिक लाभकारी होगा वह अंतिम पेंशन/पारिवारिक पेंशन के रूप में स्वीकृत किया जायेगा।

(ग) पूर्ण पेंशन के लिए, पूर्व से विहित, 20 वर्षों की अर्हक सेवा अनिवार्य होगी। 20 वर्ष से कम किन्तु 10 वर्ष से अधिक सेवा होने पर आनुपातिक रूप से पेंशन परिकलित किया जायेगा।

(iv) बिहार न्यायिक सेवा के पदाधिकारियों के वार्षिक वेतनवृद्धि की तिथि उनके नियुक्ति, प्रोन्नति एवं वित्तीय उन्नयन की तारीख के अनुसार वर्ष में एक बार निर्धारित होगा। पूर्व में निर्गत वित्त विभागीय संकल्प संख्या–9154, दिनांक–28.09.2022 की कंडिका–4(छ) को इस हद तक संशोधित समझा जायेगा। ऐसे न्यायिक पदाधिकारी जिनकी सेवानिवृत्ति की तिथि के अगली तिथि को वेतन वृद्धि परिपक्व होती हो, उन्हें उक्त वेतन वृद्धि का वैचारिक लाभ, ₹2,24,100/– की वेतन सीमा के अधीन, मात्र सेवान्त लाभ हेतु अनुमान्य होगा।

(v) 'बार' से सीधे बिहार उच्च न्यायिक सेवा में नियुक्त वैसे पदाधिकारी जो दिनांक–01.01.2016 के पूर्व सेवानिवृत्त हुए हों, को वास्तविक पेंशन प्रदायी सेवा में उनके द्वारा वकील के रूप में की गई प्रैक्टिस अवधि अथवा अधिकतम 10 वर्ष, दोनों में से जो कम हो, जोड़ कर पेंशन की गणना की जाएगी। उपर्युक्त लाभ के लिए आवश्यक होगा कि सेवा से मुक्त होते समय कम से कम 10 (दस) वर्ष की स्थाई सेवा पूर्ण हो।

(vi) सी०सी०एस० (पेंशन) रूल्स 1972 के नियम–54 के अनुसार पारिवारिक पेंशन, न्यायिक सेवा के पदाधिकारी एवं उनकी पत्नी के मृत्यु उपरांत परिवार के योग्य आश्रितों को 30 प्रतिशत की दर से भुगतेय होगी। इस हेतु पात्र होने के लिए परिवार के योग्य आश्रितों की आय 30 हजार रूपये प्रतिमाह से कम होनी चाहिए।

(vii) अधिसूचना संख्या–जी०एस०आर० 673(इ), दिनांक–19.09.2019 द्वारा सी०सी०एस० (पेंशन) रूल्स–1972 के नियम–54 (3), में किये गये संशोधन के अनुरूप पारिवारिक पेंशन का लाभ आश्रितों को प्राप्त होगा।

(viii) **(क)** दिनांक–01.01.2016 के प्रभाव से पेंशन/पारिवारिक पेंशन के लिए उम्र के आधार पर अतिरिक्त पेंशन निम्न प्रकार से देय होगा।

| क्र. सं. | पेंशनधारी/पारिवारिक पेंशनधारी की उम्र | अतिरिक्त पेंशन की राशि |
|---|---|---|
| 1 | 75 वर्ष एवं अधिक किन्तु 80 वर्ष से कम | पुनरीक्षित मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 20% |
| 2 | 80 वर्ष एवं अधिक किन्तु 85 वर्ष से कम | पुनरीक्षित मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 30% |
| 3 | 85 वर्ष एवं अधिक किन्तु 90 वर्ष से कम | पुनरीक्षित मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 40% |
| 4 | 90 वर्ष एवं अधिक किन्तु 95 वर्ष से कम | पुनरीक्षित मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 60% |
| 5 | 95 वर्ष एवं अधिक किन्तु 100 वर्ष से कम | पुनरीक्षित मूल पेंशन/पारिवारिक पेंशन का 80% |

204



| | | |
|---|---|---|
| 6 | 100 वर्ष एवं उससे अधिक | पुनरीक्षित मूल पेंशन / पारिवारिक पेंशन का 100% |

*नोटः— उपरोक्त तालिका में 'वर्ष' का तात्पर्य पूर्ण वर्ष से है।*

**(ख)** वित्त विभागीय संकल्प संख्या–7514, दिनांक–23.07.2013 के द्वारा जिन बिहार न्यायिक सेवा के सेवानिवृत पदाधिकारियों को पूर्व में 70–75 वर्ष के आधार पर अतिरिक्त पेंशन राशि अनुमान्य किया गया है, उसका पुनरीक्षण दि०–01.01.2016 के प्रभाव से उपरोक्त तालिका के अनुसार किया जाएगा। परंतु पूर्व में प्राप्त अतिरिक्त पेंशन की राशि वसूलनीय नहीं होगी।

(ix) **मृत्यु–सह–सेवानिवृत्ति उपादान :–**

(क) सेवानिवृत्ति उपादान सी०सी०एस० (पेंशन) रूल्स–1972 के नियम 50(1)(a) के अनुसार गणनीय होगा।

(ख) **मृत्यु उपादान** की गणना निम्न तालिका के अनुसार की जाएगी।

| सेवा की अवधि | मृत्यु उपादान की दर |
|---|---|
| 01 वर्ष से कम | मासिक परिलब्धियों का 2 गुना |
| 01 वर्ष या अधिक परंतु 5 वर्ष से कम | मासिक परिलब्धियों का 6 गुना |
| 05 वर्ष या अधिक परंतु 11 वर्ष से कम | मासिक परिलब्धियों का 12 गुना |
| 11 वर्ष या अधिक परंतु 20 वर्ष से कम | मासिक परिलब्धियों का 20 गुना |
| 20 वर्ष या अधिक | सेवा अवधि की प्रत्येक छमाही हेतु परिलब्धियों का आधा, जो परिलब्धियों का 33 गुणा से अधिक न हो। |

(ग) **मृत्यु–सह–सेवानिवृत्ति उपादान** की अधिकतम सीमा 20 लाख रूपये होगी, महंगाई भत्ता की दर 50 प्रतिशत से अधिक होने पर उपरोक्त सीमा में 25 प्रतिशत की वृद्धि होगी।

(घ) वैसे पदाधिकारी जिन्हें अपुनरीक्षित दर के आधार पर उपादान का भुगतान किया गया है, उन्हें दिनांक–01.01.2016 के प्रभाव से वेतन पुनरीक्षण के उपरांत उपादान के अंतर राशि का भुगतान किया जाएगा।

**4.** पेंशन / परिवार पेंशन, अतिरिक्त पेंशन, उपादान तथा अन्य सेवांत लाभ के बकाये का 25 प्रतिशत का भुगतान दिनांक–31.08.2023 तक, अगला 25 प्रतिशत दिनांक–31.10.2023 तक एवं शेष 50 प्रतिशत का भुगतान दिनांक–31.12.2023 तक किया जायेगा।

**5.** बिहार न्यायिक सेवा के सेवा–निवृत्त पदाधिकारियों का पेंशन / पारिवारिक पेंशन / ग्रेच्युटी एवं अन्य सेवांत लाभ का दिनांक–01.01.2016 के प्रभाव से निर्धारण / पुनरीक्षण एवं भुगतान किया जायेगा।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से।**

इन्दिरा कुमारी

**(लोकेश कुमार सिंह)**
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।

207



ज्ञापांक–3ए–2–वे०पु०–02/2023 6649 /वि० पटना, दिनांक–28/07/2023

**प्रतिलिपि**–महालेखाकार (ले० एवं हक०) का कार्यालय, वीरचंद पटेल पथ, पटना, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**(लोकेश कुमार सिंह)**
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।
28/7/2023

ज्ञापांक–3ए–2–वे०पु०–02/2023–6649 /वि० पटना, दिनांक–28/07/2023

प्रतिलिपि– महानिबंधक, उच्च न्यायालय, पटना / सचिव, बिहार विधान सभा / सचिव, बिहार विधान परिषद्, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**(लोकेश कुमार सिंह)**
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।
28/7/2023

ज्ञापांक–3ए–2–वे०पु०–02/2023–6649 /वि० पटना, दिनांक–28/07/2023

**प्रतिलिपि**– सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सभी सचिव/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/सभी कोषागार पदाधिकारी/सभी जिला लेखा पदाधिकारी/ प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग/अवर सचिव, वेतन निर्धारण प्रशाखा / सिस्टम एनालिस्ट (वित्त विभाग के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु) / प्रभारी ई–गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**(लोकेश कुमार सिंह)**
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।
28/7/2023

ज्ञापांक–3ए–2–वे०पु०–02/2023 6649 /वि० पटना, दिनांक–28/07/2023

**प्रतिलिपि**– सहायक महाप्रबंधक (सरकारी व्यवसाय विभाग), स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, स्थानीय प्रधान कार्यालय पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना/क्षेत्रीय प्रबंधक, केनरा बैंक, एक्जीबिशन रोड, (लव कुश टॉवर), पटना/क्षेत्रीय प्रबंधक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, मौर्या लोक कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक–ए, पटना/क्षेत्रीय प्रबंधक, यूको बैंक, मौर्या लोक कॉम्प्लेक्स, ब्लॉक–ए, पटना/क्षेत्रीय प्रबंधक, इलाहाबाद बैंक, बुद्ध मार्ग, पटना/क्षेत्रीय प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, चाणक्या प्लेस, आर० ब्लॉक, पटना/क्षेत्रीय प्रबंधक, यूनाईटेड बैंक ऑफ इण्डिया, श्री राम भवन, पाम ट्री के सामने, पटना/रिजनल मैनेजर, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, फ्रेजर रोड, पटना/ क्षेत्रीय प्रबंधक, बैंक ऑफ इण्डिया, आर० ब्लॉक, चाणक्य टावर, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**(लोकेश कुमार सिंह)**
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।

२०२



ज्ञापांक–3ए–2–वे०पु०–02/2023 6649 /वि० पटना, दिनांक 28/07/2023

**प्रतिलिपि**— सरकार के विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक–25.07.2023 के मद संख्या–32 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

28/7/2023

**(लोकेश कुमार सिंह)**
सचिव (संसाधन), वित्त विभाग।

## SCHEDULE-II (FITMENT)

| क्र.सं. | अपुनरीक्षित प्रक्रग (दि० 01.01.96 से 31.12.05 तक) | अपुनरीक्षित प्रक्रम (दि० 01.01.06 से 31.12.15 तक) | दिनांक–01.01.2016 से पुनरीक्षित प्रक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | 9000 | 27700 | 77840 |
| 2 | 9250 | 28470 | 80180 |
| 3 | 9500 | 29240 | 82590 |
| 4 | 9750 | 30010 | 85070 |
| 5 | 10000 | 30780 | 87620 |
| 6 | 10250 | 31550 | 90250 |
| 7 | 10500 | 32320 | 92960 |
| 8 | 10750 | 33090 | 95750 |
| 9 | 11050 | 34010 | 95750 |
| 10 | 11350 | 34930 | 98620 |
| 11 | 11650 | 35850 | 101580 |
| 12 | 11950 | 36770 | 104630 |
| 13 | 12250 | 37690 | 107770 |
| 14 | 12550 | 38610 | 111000 |
| 15 | 12850 | 39530 | 114330 |
| 16 | 13150 | 40450 | 114330 |
| 17 | 13500 | 41530 | 117760 |
| 18 | 13850 | 42610 | 121290 |
| 19 | 14200 | 43690 | 124930 |
| 20 | 14550 | 44770 | 128680 |
| 21 | 14900 | 45850 | 132540 |
| 22 | 15250 | 46930 | 132540 |
| 23 | 15600 | 48010 | 136520 |
| 24 | 15950 | 49090 | 140620 |
| 25 | 16350 | 50320 | 144840 |
| 26 | 16750 | 51550 | 149190 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27 | 17150 | 52780 | 149190 |
| 28 | 17550 | 54010 | 153670 |
| 29 | 17950 | 55240 | 158280 |
| 30 | 18350 | 56470 | 163030 |
| 31 | 18750 | 57700 | 163030 |
| 32 | 19150 | 58930 | 167920 |
| 33 | 19600 | 60310 | 172960 |
| 34 | 20050 | 61690 | 178150 |
| 35 | 20500 | 63070 | 178150 |
| 36 | 20950 | 64450 | 183490 |
| 37 | 21400 | 65830 | 188990 |
| 38 | 21850 | 67210 | 188990 |
| 39 | 22350 | 68750 | 194660 |
| 40 | 22850 | 70290 | 199100 |
| 41 | 23350 | 71830 | 205070 |
| 42 | 23850 | 73370 | 211220 |
| 43 | 24350 | 74910 | 217560 |
| 44 | 24850 | 76450 | 224100 |